दिनांक : 27.09.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज ओडिशा दौरे पर, झारसुगुड़ा में 60 हज़ार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात और फोर-जी टावरों का करेंगे लोकार्पण।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विदिशा में 258 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।
- दो दिवसीय राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह आज से इंदौर में शुरू होगा। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदान करेंगे सम्मान।
- एशिया कप क्रिकेट में भारत ने सुपर-फोर में श्रीलंका को हराकर फाइनल में किया प्रवेश। भारत का मुकाबला कल पाकिस्तान से होगा।

प्रधानमंत्री- ओडिशा दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओडिशा दौरे पर रहेंगे। वे झारसुगुड़ा में साठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री आज स्वदेशी तकनीक से तैयार करीब सैंतीस हज़ार करोड़ रुपये की लागत वाले सत्तानबे हज़ार से ज्यादा मोबाइल फोर-जी टावर देश को समर्पित करेंगे। इनमें बीएसएनएल के बानवे हज़ार से अधिक टावर शामिल हैं। ये टावर सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रधानमंत्री आठ आईआईटी के विस्तार, कौशल विकास परियोजना के दूसरे चरण की शुरुआत और बरहामपुर व संभलपुर मेडिकल कॉलेज को सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में बदलने की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा अंत्योदय गृह योजना के तहत पचास हज़ार ग्रामीण परिवारों को पक्के घर और आर्थिक मदद दी जाएगी।

मुख्यमंत्री -विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज विदिशा जिले को 258 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात देंगे। इस दौरान वे जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरित करेंगे और विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे।

विश्व फूड इंडिया 2025

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में विश्व फूड इंडिया 2025 के अवसर पर विभिन्न राज्यों के किसान उत्पादन संगठनों—एफ़पीओ के स्टॉलों का अवलोकन किया। श्री चौहान ने कहा कि एफपीओ बड़ी सफलता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह किसानों की शक्ति और उनकी मेहनत का परिणाम है और सभी एफपीओ बधाई के पात्र हैं।

इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से भी भेंट की।

सेवा पर्व - अंतरिक्ष उपलब्धियाँ

सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बता रहे हैं कि मोदी सरकार ने कैसे भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। पैश है एक रिपार्ट....

लता मंगेशकर सम्मान

राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान अलंकरण समारोह का दो दिवसीय आयोजन आज से इंदौर में होगा। इस समारोह में पहले दिन स्थानीय कलाकार संगीत प्रस्तुति देंगे। मुख्य कार्यक्रम कल होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य की मौजूदगी में 2024 के लिए प्रसिद्ध संगीत निर्देशक शंकर-एहसान-लॉय और वर्ष 2025 के लिए सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक सोनू निगम को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

विश्व पर्यटन दिवस

दुनिया को जोड़ने वाली यात्राओं का पर्व—विश्व पर्यटन दिवस आज मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है – पर्यटन और सतत परिवर्तन। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पर्यटन को सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव का साधन माना है। उनका “वोकल फॉर लोकल” और “देखो अपना देश” अभियान देश के ग्रामीण अर्थतंत्र, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक धरोहर को नई पहचान दे रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन तेज़ी से बढ़ रहा है। प्रदेश में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मध्य प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है। पिछले साल तक 13.41 करोड़ पर्यटकों ने प्रदेश में आने का आनंद उठाया। अकेले उज्जैन में सात करोड़ से ज्यादा की संख्या में आध्यात्मिक पर्यटक पहुंचे। नई पर्यटन नीति 2025 के तहत बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और निवेश में तेजी आई है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। आगामी 11 से 13 अक्टूबर को भोपाल में “मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025” का आयोजन होगा।

जीएसटी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। इस महीने की 22 तारीख से लागू अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को काफी राहत पहुंचा रहे हैं।

एशिया कप क्रिकेट

एशिया कप क्रिकेट में सुपर- फोर चरण के अंतिम मैच में भारत ने श्रीलंका को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दुबई में कल मैच टाई होने के बाद सुपर-ओवर में भारत ने श्रीलंका को हराया। सुपर-फोर के दोनों मैच हारकर श्रीलंका टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। दुबई में कल प्रतियोगिता के फाइनल में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शिवपुरी जिले के नरवर में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन में भाग लेंगे।
- भोपाल का वन विहार नेशनल पार्क में एक अक्टूबर से 'हॉप ऑन- हॉप ऑफ सिस्टम' लागू किया जाएगा। इस व्यवस्था के तहत पार्क में 40 ई-गोल्फ कार्ट का संचालन किया जाएगा, साथ ही निजी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।
- भारत सरकार के “जल शक्ति अभियान: कैच द रेन” के तहत शुरू की गई “जल संचय, जन भागीदारी” पहल में खण्डवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- आगरमालवा कलेक्टर प्रीति यादव ने कल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार के निर्देश दिये।

-------